जयपुर (राजस्थान) से प्रकाशित एवं दिल्ली, महाराष्ट्र, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, हरियाणा, पंजाब, गुजरात, उत्तराखंड, छत्तीसगढ़, बिहार, हिमाचल प्रदेश और झारखण्ड राज्यों में प्रसारित

(DAVP-CODE No. 120390) भारत सरकार का रजि. नं. 10311/1965

साप्ताहिक

# हमारा वतन

देश का अपना अखबार

ہمارا وطن ہفت روزہ

संस्थापित 1965



संस्थापक
स्व. श्री राजेन्द्र कुमार 'अजेय'
स्वतंत्रता सेनानी



संरक्षक
बाबू लाल सैनी



सम्पादक
राम गोपाल सैनी

www.hamarawatan.com FOLLOW US:- Hamarawatan | Hamarawatan65 | Hamarawatan3 | YouTube Hamarawatan

वर्ष- 57 अंक-43 जयपुर, सोमवार, 15 नवम्बर , 2021 वार्षिक शुल्क 200 रुपये (एक प्रति 4 रु.) पृष्ठ संख्या 4

## पंडित नेहरू का देश के निर्माण में सर्वाधिक योगदान रहा है : पूर्व विधायक सैनी

चौमूं (हमारा वतन) शहर के बस स्टैंड स्थित नगर पालिका परिसर में पूर्व विधायक भगवान सहाय सैनी व कांग्रेस कार्यकर्ताओं के द्वारा भारत के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू की जयंती मनाई गयी । कांग्रेस कार्यकर्ताओं द्वारा पंडित नेहरू की मूर्ति पर पुष्प अर्पित किए गए।



पूर्व विधायक भगवान सहाय सैनी ने बताया कि भारतीय इतिहास में भारत के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू एक बहुत बड़ा नाम है। भारत को स्वतंत्रता दिलाने में पंडित नेहरू की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। पंडित नेहरू को बच्चे बहुत प्यारे थे। इसलिए इनकी जयंती देश में 'बाल दिवस' के रूप में मनाया जाती है। पंडित नेहरू एक ऐसे अद्वितीय राजनीतिज्ञ थे, जिनकी मानव-मुक्ति के प्रति सेवाएं चिरस्मरणीय रहेंगी। स्वाधीनता-संग्राम के योद्धा के रूप में वह यशस्वी थे और आधुनिक भारत के निर्माण के लिए उनका अंशदान अभूतपूर्व था।

इस मौके पर पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष नानगराम लांबा, डीसीसी उपाध्यक्ष गिरिराज देवंदा, पंचायत समिति सदस्य गोगराज देवंदा, हरफूल कुमावत, छात्रसंघ अध्यक्ष चंद्रकला नागौरी, पार्षद सीताराम जीतरवाल, आशीष यादव, अर्जुन लाल सैनी, फिरोज नागोरी, महेश कुमार यादव, राजेंद्र इंदौरा, कमल भातरा, महेश कुमार सैनी, अनिल कुमार सैनी, मुकेश कुमार पांचा, राकेश कुमावत, प्रहलाद गुलिया, सरवत आलम, ओम प्रकाश यादव, आमिर खान, अशोक कुमार रच्छौया, इमामुद्दीन कुरेशी, सायर सिंह तंवर, रमेश चंद्र सैनी, शंकरलाल जांगिड़, वरिष्ठ कांग्रेसी शरत चंद चौहान, छीतरमल बबेरवाल, मुकेश मोदी, मुन्ना पठान, भीम सिंह लांबा, लालाराम सेवदा, ओम प्रकाश सैनी, रविंद्र निठारवाल, मनोज दीक्षित, चंद्रभान चौहान, पुष्पेंद्र कुमावत, हनुमान बागड़ा, आशीष गोठवाल, कैलाश बुटोलिया, हनुमान बागड़ा, गेंदी लाल सैनी, संदीप सैनी, एमडी भदाला, प्रेम नागौरी, राकेश इंदौरा सहित अन्य कांग्रेस कार्यकर्ताओं मौजूद रहे।



## इनाया फाउंडेशन ने 'समझ स्पर्श कि चुप्पी तोड़ो' कार्यक्रम आयोजित किया

जयपुर (हमारा वतन) जयपुर कमिश्नरेट के हरमाड़ा थाना क्षेत्र के लोहा मंडी में इनाया फाउंडेशन, जयपुर पुलिस पश्चिम क्षेत्र एवं निर्भया स्क्वायड के संयुक्त तत्वावधान में समझ स्पर्श कि चुप्पी तोड़ो कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में कच्ची बस्ती के बच्चो एवं महिलाओं को अच्छे एवं बुरे स्पर्श के बारे में बताया गया, उन्हें पोक्सो एक्ट, चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 ,महिला सुरक्षा एवं गरिमा के लिए 1090 तथा 112 के बारे में भी बताया गया । कार्यक्रम में बच्चों को समझाने के लिए छोटी फिल्म और कठपुतली नृत्य भी दिखाया गया। इस जीटीबी की शुरुआत डॉक्टर जितेन्द्र कुमार सोनी (आईएएस) की पहल और नवाचार झालावाड ज़िला प्रशासन 2018 से कार्य कर रहे है। बच्चों और महिलाओं ने उत्साहपूर्वक भागीदारी निभाई। बहुत ही सरल और सहज तरीके से जीटीबी को इनके द्वारा मार्गदर्शन से बनाया गया है। बच्चो और महिलाओं को उनके उत्साह के लिए जी टी बी टी मेडल और जी टी बी टी मग पुरस्कार स्वरूप दिये गए तथा पधारे अतिथियों को स्मृति चिन्ह देकर आभार व्यक्त किया गया। इनाया फाउंडेशन की सचिव नितिशा शर्मा ने बताया कि इस तरह के कार्यक्रम शहर कि अलग - अलग क्षेत्रों में आयोजित किए जाएंगे। इस अवसर पर डीसीपी पश्चिम रिचा तोमर, निर्भया स्क्वायड की नोडल अधिकारी सुनीता मीणा ने 1090 और हेल्प लाइन नंबर पर जोर दिया। एसीपी चौमूं राजेन्द्र सिंह, हरमाडा थानाधिकारी मांगीलाल बिश्नोई भी मौजूद रहे। कार्यक्रम की व्यवस्था सुचारू बनाने में निर्भया स्क्वायड टीम से सुनीता ,सुशीला चौधरी का सराहनीय योगदान रहा।

## विशाल श्री श्याम जन्मोत्सव मनाया गया

जयपुर (हमारा वतन) हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी खाटू वाले श्याम बाबा का विशाल जन्मोत्सव श्री श्याम भजन संध्या परिवार सेवा समिति जयपुर के तत्वाधान में 13 नवंबर को शाम 7 बजे से रात्रि 11 बजे तक मनाया गया। श्याम बाबा की मनोहारी झांकी सजाई जाएगी ।कार्यक्रम संयोजक राज कुमारी गुप्ता और रमेश चन्द गुप्ता (माजी के बाग वाले) ने बताया कि जयपुर के दुर्गापुरा, ग्रीन नगर, डालडा फैक्ट्री के पास करुणेश्वर महादेव मंदिर में श्री श्याम भक्तों द्वारा खाटू वाले श्याम का विशाल जन्म उत्सव मनाया गया । जिसमें प्रसिद्ध भजन गायकों शंकर नाटाणी, राजू महरवाल, सोनू, नीतू गुप्ता, मान पंडित (पार्षद) एवं अन्य भजन गायकों द्वारा बाबा श्याम को भजनों से रिझाया गया । मधुर





भजनों को सुनकर उपस्थित श्रद्धालु भाव विभोर होकर नाचने गाने लगे । इस दौरान शंकर झालानी, रामबाबू झालानी, जगमोहन शर्मा (सेवानिवृत्त न्यायाधीश), ओम प्रकाश शर्मा (जसराज एडवरटाइजर्स) आदि लोगो का पूर्ण सहयोग रहा ।

## रुक्षमणी कुमारी ने दिव्यांग छात्रों को विशेष शिक्षक उपलब्ध करवाने हेतु मुख्य सचिव से की मुलाकात



जयपुर (हमारा वतन) ऑल इंडिया प्रोफ़ेशनल्स कांग्रेस राजस्थान की प्रदेशाध्यक्ष रुक्षमणी कुमारी ने मुख्य सचिव निरंजन आर्य से मुलाकात कर रीट 2021 के माध्यम से दिव्यांग छात्रों को विशेष शिक्षक उपलब्ध करवाने के मामले मे मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के नाम ज्ञापन सौपा।

रुक्षमणी कुमारी ने बताया कि राज्य की गाँव ढाणियों में स्थित सरकारी स्कूलों में सामान्य शिक्षक कार्यरत है जो दिव्यांग बालकों को पढ़ाने में अप्रशिक्षित है, जिसके कारण दिव्यांग छात्रों के अभिवावक छात्रों को स्कूल मे प्रवेश दिलाने में रुचि नही दिखाते है। जल्द ही समस्या का समाधान करें ।

## देवी लाल मेमोरियल आई हॉस्पिटल ने पहली वर्षगांठ मनाई

जयपुर (हमार वतन) चौमूं शहर के रेलवे स्टेशन रोड स्थित देवीलाल मेमोरियल आई हॉस्पिटल की पहली वर्षगांठ धूमधाम से मनाई गई। 13 नवम्बर के दिन हॉस्पिटल का धूमधाम से शुभारंभ किया गया था।



बहुत ही कम समय में देवी लाल मेमोरियल आई हॉस्पिटल क्षेत्र में अपनी विशेष पहचान बनाई है। हॉस्पिटल निदेशक विमल कुमावत ने बताया कि 1 साल के अंदर करीब 18000 ओपीडी और 1000 आंखों के सफल ऑपरेशन हुए हैं। हमारा हॉस्पिटल आगे भी सेवा में विस्तार करते हुए क्षेत्र के लोगों की सेवा करता रहेगा। यह लोगों के प्यार और विश्वास का ही परिणाम है । डॉक्टर सुनीता कुमावत ने बताया कि हमारे यहां लगातार अत्याधुनिक तकनीकों और मशीनों से आंखों की जांच और ऑपरेशन किए जा रहे हैं। पहले आंखों के इलाज के लिए जयपुर जैसे शहर के लिए जाना पड़ता था लेकिन अब चोमू कस्बे में ही बड़े शहरों जैसी सुविधाएं मिल रही है। कार्यक्रम का शुभारंभ स्वर्गीय देवीलाल कुमावत के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन कर किया गया। इसके बाद केक काटकर वर्षगांठ मनाई गई और उपस्थित सभी लोगों को मिठाई खिलाई गई। इस दौरान हॉस्पिटल संरक्षक ललित कुमावत, डॉ वीके गुप्ता, डॉक्टर सुनील ठाकुर, डॉक्टर दीपक गोयल, डॉक्टर इशरत समदानी, सुशील कुमावत, सुनील यादव, विकास जाट, अभिषेक चौधरी, राजकरण कुमावत, मंजू पलसानिया, संजू यादव, दिनेश यादव, पूजा नायक, कन्हैया यादव, संतोष कंवर आदि लोग मौजूद रहे।


## राजस्थान आदिम जाति सेवक संघ स्थापना दिवस की हार्दिक शुभकामनाएँ

लक्ष्मी नारायण पंड्या
अध्यक्ष

निर्मला सहरिया (विधायक)
राजेंद्र अग्रवाल-उपाध्यक्ष

डॉ.अवध प्रसाद
कोषाध्यक्ष

शंकरलाल अहारी
(पूर्व विधायक)
भुवनेश शर्मा (गौड़)
मंत्री

**Phone:** +911412703321;
**Fa&:** +911412704438
**Email:** info@rajss.org
**Website:** www.rajss.org

प्लाट न. 2,झालाना औद्योगिक क्षेत्र, जयपुर-302004

खादी भारत
Khadi India

## अफीम किसानों का प्रदर्शनःअपनी मांगों को लेकर कलेक्ट्रेट पहुंच कर जताया विरोध; वित्तमंत्री ने वार्ता के लिए बुलाया तो बताया जीत की पहली सीढ़ी

चित्तोड़गढ़(वि.सं.)। चित्तौड़गढ़ के कलेक्ट्रेट चौराहे पर अफीम किसानों ने धरना प्रदर्शन कर मार्फिन नियम को हटाने, औसत के आधार पर पट्टे बहाल करने की मांग की। इस दौरान कलेक्ट्री चौराहे पर भारी संख्या में पुलिस जाब्ता मौजूद रहा। प्रदर्शन के दौरान दिल्ली से वित्त मंत्री ने एक प्रतिनिधि मंडल को बुलाया, जिसके साथ वार्ता की जाएगी। किसानों ने इसे अपनी जीत की पहली सीढ़ी बताया। चित्तौड़ प्रान्त के 7 जिलों के करीब 200 से ज्यादा किसानों ने इस प्रदर्शन में भाग लिया। भारतीय किसान संघ के अफीम संघर्ष समिति ने अफीम किसानों के सभी समस्याओं का समाधान करने की मांग को लेकर चलो चित्तौड़गढ़ चलो धरना प्रदर्शन किया। समिति के जिला प्रभारी रघुनाथ सिंह ने बताया कि नारकोटिक्स विभाग ने किसानों के खिलाफ साजिश रची जा रही है।

# हिमालयन बुद्धिष्ट मार्केट का हुआ भव्य शुभारंभ

❐ पहले ही दिन उमड़ पड़ी ग्राहकों की जबरदस्त भीड़ ❐ नेपाली मार्केट में मिलते हैं उच्च क्वालिटी के गर्म कपड़े

जयपुर (हमारा वतन) हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी चौमूं शहर के जयपुर रोड, पालीवाल मार्ग के सामने हिमालयन बुद्धिष्ट मार्केट का शुभारंभ किया गया ।मार्केट का शुभारंभ महिला ग्राहकों के द्वारा फीता काटकर और भगवान बुद्ध की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलन कर किया गया। उसके बाद उपस्थित सभी लोगों को मिठाई खिलाई गई ।मार्केट के प्रधान लोबजंग दोरजे और





उपप्रधान अनुज शर्मा ने बताया कि हमारे यहां पर गर्म कपड़ों का विशाल भंडार है । मार्केट में स्वेटर, लेडीज कार्डिगन, जैकेट ,लोई ,शॉल, मफलर, पश्मीना शॉल, जुराब, टोपी, बैग तथा जापान, थाईलैंड ब्रांड के कपड़े उचित रेट पर उपलब्ध है । हमारे यहां बच्चे ,महिला और पुरुषों के सभी गर्म कपड़ों का कलेक्शन एक ही छत के नीचे उपलब्ध है। शहर के लोगों को जैसे ही मार्केट के शुभारंभ होने का पता चला तो लोग खरीदारी के लिए उमड़ पड़े । मार्केट में आए ग्राहक राजकुमार सैनी और रामकुमार जाट ने बताया कि साल भर से हमें इस नेपाली मार्केट के खुलने का इंतज़ार रहता है क्योंकि अन्य मार्केट की बजाय उच्च क्वालिटी के उत्पाद यहाँ मिलते हैं । जानकारी के अनुसार पहले ही दिन अच्छी खासी ग्राहकी मार्केट में हुई ।शुभारंभ के अवसर पर ज्ञानचंदजी, ज्ञासू, पदमा टोलमा, छीमी डोलमा, पूजा, शानू, जांगपो, अन्नू, सनी देयोल आदि लोग मौजूद रहे।

## मैं वही अखबार हूँ

रोज सवेरे सब तकते बाट
लाता ढ़ेरों खबरें आपके द्वार
में कौन बूझो ज़रा
हाँ जी मैं वही अखबार हूँ

प्रिंट मीडिया मैं कहलाता हूँ
सबसे सस्ता भी पड़ता हूँ
सुर्खियां सभी बटोरता हूँ
बताऊँ क्या क्या लिखता हूँ

मैं आम जनता की आवाज़ हूँ
मैं आपको अपनों से जोड़ूँ
सरकारी काले चिट्ठे भी खोलूँ
सच का आईना भी दिखाऊँ

पहेली भी बुझाऊँ
बच्चों को कहानी सुनाऊँ
अफसरों को नींद से जगाऊँ
सरकार को जनता का संदेश पहुँचाऊँ

मैं आपकी ताकत हूँ
मैं लोकतंत्र का चौथा स्तंभ हूँ
मैं बुराई का करता पर्दा फाश हूँ
हाँ जी मैं वही अखबार हूँ



योगिता शर्मा
प्रधानाचार्या
वेदांता इंटरनेशनल स्कूल,जयपुर

# बड़ा हादसा होने का इंतजार कर रहा टाटियावास टोल प्रशासन

जयपुर (हमारा वतन) राजस्थान का सबसे व्यस्ततम मार्ग एनएच 52 होने के बाद भी रोड का निर्माण कार्य अधूरा पड़ा है । टाटियावास टोल प्लाजा से राजावास पुलिया तक रोड का काम अधूरा छोड़ दिया गया है ; जिससे आए दिन लोग गिरकर चोटिल हो रहे है । अब तो बारिश का मौसम भी जा चुका है ।

पहले बारिश का बहाना बनाकर रोड को नहीं बनाया गया था । अब सर्दी का मौसम आने के बाद भी रोड का काम अधूरा पड़ा है ,जिससे बड़ा हादसा होने का अंदेशा लगातार बना रहता है । टाटियावास टोल प्रशासन की सुस्ती कहीं बेकसूरों की जान नहीं ले ले । बड़ा हादसा हो, इससे पहले ही रोड निर्माण हो जाए तो सही रहेगा ।

गौरतलब है कि कुछ महीने पहले ही रोड की गिट्टी पर स्कूटी फिसलकर बड़ा



❐ टोल प्रशासन की सुस्ती के कारण हो चुके हैं कई हादसे
❐ टाटियावास टोल प्लाजा से राजावास तक अधूरी पड़ी सड़क
❐ रोज हजारों वाहनों की रहती है आवाजाही

हादसा हो गया था जिसके बाद टोल प्रशासन ने रोड का काम चालू कर दिया था । अब सब सुस्त पड़ा हुआ है । जबकि टोल प्रशासन लगातार गुजरने वाले वाहनों से टोल वसूली कर रहा है । आखिर कब होगा इस समस्या का समाधान ? कौन लेगा इन हादसों की जिम्मेदारी ?

# फिल्म 'केसर कस्तूरी' का मुहूर्त और पोस्टर हुआ लॉन्च

जयपुर (हमारा वतन) जयपुर के फोर्ट होटल में फिल्म 'केसर कस्तूरी' का मुहूर्त और पोस्टर लॉन्च किया गया। ये फिल्म राजस्थान के इतिहास और वर्तमान के छुए-अनछुए पहलुओं को समेटने की एक कोशिश करते हुए एक अच्छी सी लव स्टोरी को बयां करेगी।



निर्देशक खुशवेन्द्र सिंह ने बताया कि फिल्म मेकिंग की पढ़ाई पूरी करने के बाद मैं राजस्थानी भाषा और संस्कृति को लेकर कुछ कहानियों पर काम कर रहा था । यहां राजस्थान में अभिनेता श्रवण सागर को तीन कहानियां सुनाई, जिनमें से दो कहानियों में बजट ज्यादा था लेकिन तीसरी कहानी केसर कस्तूरी उन्हें पसंद आई और कुछ ऐसी ही सोच निर्माताओं के दिमाग में भी थी। इसलिए केसर कस्तूरी परदे पर आने जा रही है। केसर शब्द राजस्थान के केसरिया शब्द से प्रेरित है, जबकि कस्तूरी के पीछे प्रेरणा कस्तूरी मृग रही। राजस्थान में भी कृष्ण मृग हमारी संस्कृति का अभिन्न अंग हैं। इसलिए कहीं ना कहीं केसर कस्तूरी नाम फिल्म के लिए सही प्रतीत हो रहा था। अभिनेता श्रवण सागर ने बताया कि लॉकडाउन के समय में फिल्म बनाने के लिए काफी अलग अलग कहानियां आई, लेकिन कोई कहानी इतनी अच्छी नहीं लगी। तब खुशवेन्द्र मेरे पास केसर कस्तूरी और डाबड़ा कहानी लेकर आए। केसर कस्तूरी कहानी दिल को छू गई। ऐसी कहानी पर मैंने काम भी नहीं किया था। अभी तक मेरी ज्यादातर फिल्में एक्शन फिल्में रही हैं। केसर कस्तूरी जैसी घुमक्कड़ी आधारित प्रेम कहानी राजस्थान में कभी बनी भी नहीं है। कहानी को लेकर काफी हद तक स्पष्टता थी कि क्या होना है और कैसे होना है। इसलिए मेरे पास कहानी को ना करने का कोई कारण नहीं था। लॉन्चिंग प्रोग्राम में राजस्थान आर्ट एंड कल्चर डिपार्टमेन्ट के संयुक्त सचिव पंकज ओझा, रवीन्द्र सिंह गुढ़ा, राजस्थान फिल्म विकास संघ के संरक्षक विपिन तिवाड़ी भी उपस्थित रहे । मुख्य कलाकार श्रवण सागर, विप्रा मेहता अभिनीत फिल्म को रू-आर्यन बैनर से विकास सिरोही प्रोड्यूस कर रहे हैं। कहानी के निर्देशक खुशवेन्द्र सिंह और लेखक दीपक मेड़तवाल हैं।

## चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ बिपिन रावत बोले- भारत की सुरक्षा के लिए सबसे बड़ा खतरा है चीन

नई दिल्ली(एजेंसी)। चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ (सीडीएस) जनरल बिपिन रावत ने कहा है कि चीन भारत की सुरक्षा के लिए सबसे बड़ा खतरा बन चुका है और लाइन ऑफ एक्चुअल कंट्रोल (एलएसी) पर भेजे गए हजारों सैनिकों और हथियारों की वापसी लंबे समय तक नहीं हो पाएगी। जनरल रावत ने गुरुवार कहा, परमाणु शक्ति संपन्न दो पड़ोसियों के बीच सीमा विवाद को सुलझाने की कोशिशों में विश्वास की कमी और संदेह बाधक है। पिछले महीने दोनों देशों के बीच सैन्य स्तर की बातचीत गतिरोध के साथ खत्म हुई, क्योंकि दोनों देश इस बात को लेकर सहमत नहीं हुए कि सीमा से कैसे आगे सैनिकों को वापस बुलाना है। पिछले साल से ही एलएसी पर तनाव के बीच दोनों देश सैनिकों के साथ हथियार सीमा पर बढ़ाने में जुटे हुए हैं। जनरल रावत ने कहा, भारत सीमा पर और समुद्र में किसी भी दुस्साहस से निपटने के लिए तैयार है।

## अगर पर्यावरण संरक्षण के लिए कार्य नहीं होगा तो प्रत्येक व्यक्ति प्रदूषण की घुटन में रहेगा : शर्मा

उत्तराखंड (हमारा वतन)। शैफिल्ड स्कूल के डायरैक्टर डी. के. शर्मा ने कहा की पेड़ों की पत्ती से लेकर जड़ों तक बहुत फायदे हैं। एक पेड़ से फल, दवाइयां, भोजन, कपड़े व बहुत सी चीजें प्राप्त होती है। अगर पर्यावरण संरक्षण के लिए कार्य नहीं होगा तो प्रत्येक व्यक्ति प्रदूषण की घुटन में रहेगा एवं किसी ना किसी बीमारी से ग्रस्त रहेगा।



डी. के. शर्मा राजकीय प्राथमिक विद्यालय बेडपुर में राष्ट्रीय शिक्षा दिवस के अवसर पर पौधरोपण कार्यक्रम में बतौर मुख्यअतिथि बोल रहे थे ।उन्होंने कहा की आज के समय में पेड़ो की अंधाधुंध कटाई के कारण वातावरण बिगड़ रहा है। बेमौसम बारिश होना, बाढ़ आना, तापमान बढ़ना यह सब वातावरण के बिगड़ने के कारण हो रहा है।राजकीय उच्चतर मध्यमिक विद्यालय बिझौली के शिक्षक अशोक कुमार ने आंवला, शमी, तुण, अमरूद, अशोक , बॉटल पॉम , गुलाब , गैंदा, तुलसी, आदि के पौधे विद्यालय को भेंट किए।उन्होने कहा कि आजादी के बाद राष्ट निर्माण के लिए शिक्षा महत्वपूर्ण बनाने के लिए देश के कई नेताओं ने अपना ध्यान शिक्षा की ओर केंद्रित किया। विशेष रूप से अबुल कलाम ने इस लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए अग्रणी भूमिका निभाई। आज उनके जन्मदिवस को राष्ट्रीय शिक्षा दिवस के रूप मे मनाया जाता है, स्वतंत्रता सेनानी के रूप में किए गए योगदान के लिए 1992 में उन्हें भारत के सर्वोच्च नागरिक पुरस्कार भारत रत्न से भी सम्मानित किया गया था।

# न्यू शाईन इंटरनेशनल स्कूल में हुआ नीट में चयनित प्रतिभाओं का सम्मान

चौमूं (हमारा वतन) शहर के रींगस रोड आमलिया स्थित न्यू शाईन इंटरनेशनल स्कूल में प्रतियोगी परीक्षाओं में चयनित प्रतिभाओं का सम्मान समारोह किया गया।समारोह के मुख्य अतिथि चौमूं विधायक रामलाल शर्मा द्वारा नीट में चयनित अंजलि सैनी, निकिता सैनी, विजयलक्ष्मी सैनी, निशा सैनी और जेईई में चयनित राहुल सैनी का सम्मान किया । सम्मानस्वरुप माला और मोमेंटो भेंट किया गया। विधायक रामलाल शर्मा ने कहा कि अगर हमें कुछ बनना है तो उसके लिए पहले से ही लक्ष्य निर्धारित करना होगा और आवश्यक मेहनत करनी होगी, तभी हमें हमारा लक्ष्य प्राप्त होगा। हमें भी इन प्रतिभाओं से प्रेरणा लेकर अपने जीवन का लक्ष्य निर्धारण करना चाहिए । शर्मा ने प्रतियोगी परीक्षाओं में चयनित होने वाले सभी प्रतिभागियों को शुभकामनाएं दी।समारोह में स्कूल के संरक्षक गोवर्धन लाल इंदौरा ,डायरेक्टर रामकरण सैनी, सचिव राहुल सैनी ,पार्षद प्रत्याशी महेश शेरावत ,रामकिशोर सैनी, मीनू सैनी, शिव कुमार सोनी, अरुण कुमार शर्मा, राजेश कुमार शर्मा, सुनील कुमार स्वामी, संगीता राजावत, ललिता, सत्यनारायण गंगवाल, उमेश, ओम प्रकाश शर्मा, छितर मल इन्दौरा आदि लोग मौजूद रहे ।



## जॉब्स

1. राजस्थान पुलिस, पद कांस्टेबल जीडी, कांस्टेबल ड्राइवर, कॉन्स्टेबल बैंड, कॉन्स्टेबल टेलीकम्युनिकेशन, पद संख्या 4588, अंतिम तिथि 3 दिसंबर 2021
2. मध्य प्रदेश हाई कोर्ट, पद ग्रुप डी, पद संख्या 708,अंतिम तिथि 28 नवंबर 2021
3. एन टी ए और नेशनल हाईवे अथॉरिटी ऑफ इंडिया, पद डिप्टी मैनेजर फाइनेंस एंड अकाउंट्स, पद संख्या 17, अंतिम तिथि 30 नवंबर 2021
4. नेशनल हेल्थ मिशन छत्तीसगढ़, पद एनएचएम सी एच ओ, पद संख्या 2700, अंतिम तिथि 25 नवंबर 2021
5. आईबीपीएस, पद स्पेशलिस्ट ऑफिसर, पद संख्या 1828, अंतिम तिथि 23 नवंबर 2021
6. नॉर्थ सेंट्रल रेलवे, पद ट्रेड अप्रेंटिस, पद संख्या 1664, अंतिम तिथि 1 दिसंबर 2021
7. नेशनल फर्टिलाइजर्स लिमिटेड, पद मैनेजमेंट ट्रेनी, पद संख्या 6, अंतिम तिथि 23 नवंबर 2021
8. भारत हेवी इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड, पद जनरल ड्यूटी मेडिकल ऑफिसर, पद संख्या 28, अंतिम तिथि 25 नवंबर 2021

## शिल्पी सैनी बनी ओबीसी महिला मोर्चा की प्रदेशाध्यक्ष

जयपुर (हमारा वतन) ओबीसी महासभा के संस्थापक अध्यक्ष ओबीसी विजय कुमार व राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं प्रदेश प्रभारी आचार्य सुगन नागर की सहमति से ओबीसी महासभा राजस्थान के प्रदेश अध्यक्ष ओबीसी हरफूल सिंह एचेरा ने शिल्पी सैनी के सामाजिक कार्यों को देखते हुए ओबीसी महासभा राजस्थान के महिला मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष पद पर नियुक्त किया। शिल्पी सैनी ने बताया कि ओबीसी महासभा ने मुझे जो जिम्मेदारी दी है, उसको मैं पूर्ण ईमानदारी से निभाउंगी। शीघ्र ही कार्यकारिणी का विस्तार किया जाएगा। राजस्थान के हर जिले में ओबीसी महासभा की महिला इकाई की टीम तैयार की जाएगी और ओबीसी वर्ग के हक और अधिकारों के लिए मैं हमेशा संघर्ष करती रहूंगी। शिल्पी सैनी के महिला मोर्चा प्रदेशाध्यक्ष बनने पर ओबीसी वर्ग ने खुशी जाहिर की है।



# बढ़ते प्रदूषण में फेफड़ों को खराब होने से बचाता है गुड़, क्या यह सच है?

वायु प्रदूषण सबसे ज्यादा आपके फेफड़ों पर असर करता है। लेकिन इससे बचने के लिए मेरी मम्मी हर रोज एक डली गुड़ खाने की सलाह देती हैं। पर क्या यह उपाय कारगर होगा? आइए चैक करते हैं।सर्दियों का मौसम आते ही वायु प्रदूषण अपने चरम पर होता है। ऐसे में अस्थमा, ब्रॉकांइटिस और श्वास संबंधी बीमारियों से ग्रस्त लोग बहुत मुश्किलों से गुजरते हैं। इस दूषित हवा के कारण इन बीमारियों के ट्रिगर होने का खतरा ज्यादा होता है। इसके अलावा यह स्वस्थ व्यक्ति को भी कई स्वास्थ्य जोखिमों से घेर लेता है। इस दूषित हवा में सांस लेना जहर के सेवन के बराबर है। लेकिन चिंता न करें क्योंकि मेरी मम्मी के पास इसके लिए एक घरेलू उपाय है। जी हां, गुड़ का सेवन आपको वायु प्रदूषण के दुष्परिणामों से बचा सकता है! गुड़ अपने अनगिनत स्वास्थ्य लाभों के लिए जाना जाता है। मेरी मम्मी प्रदूषण से बचने और स्वस्थ फेफड़ों के लिए इसका इस्तेमाल करती हैं। सर्दियों में अक्सर मीठे की क्रैविंग को दूर करने के लिए वे गुड़ का एक टुकड़ा खा लेती हैं। यह न केवल उनके मन को शांत करता है, बल्कि पाचन को भी स्वस्थ रखता है। प्रदूषण का बढ़ता स्तर श्वास विकारों से जूझ रहे लोगों के लिए जटिलताएं और बढ़ा देता है। कुछ लोगों को पुरानी बीमारी के कारण परेशानी हो सकती है। वहीं कुछ व्यक्ति दूषित हवा के कारण विभिन्न प्रकार की ऐलर्जी से ग्रस्त हो सकते हैं। इन परेशानियों को पूरी तरह से खत्म नहीं किया जा सकता है, लेकिन इन्हें नियंत्रित जरूर किया जा सकता है। और मेरी मम्मी इसके लिए हर रोज एक डली गुड़ के सेवन की सलाह देती हैं।



**क्यों खास है गुड़?**

गन्ने के रस एवं ताड़ जैसे नेचुरल स्रोतों से प्राप्त गुड़ रिफाइंड शुगर का एक स्वस्थ विकल्प है। यह फाइटोकेमिकल्स और मिनरल्स से भरपूर है। जो इसे रेसपिरेटरी डिसॉर्डर से लड़ने में सक्षम बनाता है। यह अस्थमा, एलर्जी और अन्य रोगों से ग्रस्त लोगों के लिए एक श्रेष्ठ हीलर के रूप में जाना जाता है।

**आयुर्वेद भी करता है गुड़ की सिफारिश**-कई गुणों से भरपूर होने के कारण गुड़ को आयुर्वेद में बहुत महत्व दिया गया है। यह सर्दी-जुकाम, अपच, एसिडिटी, खून की कमी, जैसी परेशानियों से राहत देता है। सर्दियों में गुड़ को औषधि के रूप में इस्तेमाल किया जाता है। आयुर्वेद में गुड़ को सुपरफूड माना गया है। यह श्वसन पथ को साफ करने का सबसे सुलभ और आसान तरीका है।

# अगर बच्चा करता है खाने में आनाकानी तो इन टेस्टी तरीकों से उसके आहार में शामिल करें हरी सब्जियां

बच्चे अगर किसी चीज़ में सबसे ज़्यादा नखरे करते हैं, तो वो है खाना! हमारे पास कुछ टेस्टी तरीके हैं जिनसे आप उनके आहार में शामिल कर सकती हैं हरी सब्जियां।हरी सब्जियां और बच्चों का छतीस का आंकड़ा रहता है। ऐसे में उनके पोषण में कोई कमी न रह जाए इसकी चिंता हर मां को सताती है। ज्यादातर लोगों को ऐसा लगता है कि यह खाने में टेस्टी नहीं होती। मगर यह सोच बिल्कुल गलत है! पौष्टिकता से भरपूर हरी सब्जियां अगर सही तरीके से पकाई और परोसी जाएं तो बच्चों को भी ये आकर्षित कर सकती हैं। अगर आपका बच्चा भी खाने में आनाकानी करता है, तो यहां जानिए हरी सब्जियों को उनके आहार में शामिल करने का लज़ीज़ तरीका।इसलिए आज हम आपके लिए लाए हैं, कुछ टेस्टी तरीके जिनसे आप बच्चों को हरी सब्जियां खिला सकती हैं **इन टेस्टी तरीकों से अपने बच्चे के आहार में शामिल करें हरी सब्जियां**



**1 वेजी सैंडविच**-बच्चों को सैंडविच बहुत पसंद होते हैं। इनकी सबसे अच्छी बात यह होती है कि आप इसमें किसी भी तरह की फिलिंग कर सकती हैं। इस तरह बच्चे का मन भी रह जाता और आप उन्हें पौष्टिक भोजन भी खिला सकती हैं।आप बच्चों के लिए एक अच्छा वेजी सैंडविच तैयार कर सकती हैं। जिसमें पालक, बीन्स, खीरा, लेटिस या एवोकाडो भी शामिल कर सकती हैं। आप पालक के साथ थोड़े से मशरूम को मिक्स कर सकती हैं। इसके बाद एक चीज़ स्लाइस भी रख सकती हैं। यह अपने बच्चों को हरी सब्जियां खिलाने का सबसे अच्छा तरीका है।

**2 भरवां परांठा**-भरवां पराठा भी बच्चों को सब्जियां खिलाने का सबसे अच्छा तरीका है। इस तरह आप अपने बच्चों को उनकी पसंदीदा सब्जी के साथ किसी ऐसी सब्जी का पराठा खिला सकती हैं, जो उन्हें पसंद न हो।सर्दियों के मौसम में आप अपने बच्चे को मेथी, मटर, गोभी, प्याज या मिक्स वेज पराठा बनाकर भी खिला सकती हैं। यह स्वाद में भी अच्छा होता है और सेहत के लिए पौष्टिक भी। आप चाहें तो भरवां पराठे के साथ चटनी बनाकर भी दे सकती हैं।

**3 सैंडविच स्प्रेड की जगह देसी चटनियां**-आजकल बाज़ार में कई तरह के सैंडविच स्प्रेड उपलब्ध हैं, जो बेहद टेस्टी होते हैं। वाकई बच्चे क्या बड़ों का भी दिल इन पर आ जाता है। मगर इनका पोषण मूल्य बहुत कम होता है। साथ ही इनमें आर्टीफीशियल फ्लेवर्स भी होते हैं, जो स्वास्थ्य के लिए हानिकारक साबित हो सकते हैं।इनकी जगह आप घर की बनी चटनियां बच्चों को खिला सकती हैं। घर की बनी चटनियां पौष्टिक होने के साथ ढ्ढ साथ टेस्टी भी होती हैं और यह बच्चों को पसंद आएंगी। धनिया और पुदीना की चटनी, नारियल की चटनी, टमाटर, लहसुन, मूंगफली का इस्तेमाल करके भी आप कई तरह की चटनी बना सकती हैं। आप कभी भरवां पराठे तो कभी सैंडविच के साथ यह चटनियां बच्चों को खिला सकती हैं।

**4 होम मेड वेजी बर्गर**-बाहर के बर्गर से ज़्यादा टेस्टी घर पर बने बर्गर होते हैं। यह सौ फीसदी सच है। बच्चों को भी यह बेहद पसंद होते हैं। इनकी सबसे अच्छी बात यह है कि आप इसकी टिक्की को कई वेजीस के साथ बना सकती हैं। इसमें शिमला मिर्च, आलू, गाजर, बीन्स के साथ आप एक अच्छी वेज टिक्की बना सकती हैं।

## रसोई में मौजूद ये मसाले दिला सकते हैं आपको गैस, अपच और कब्ज से छुटकारा

फेस्टिवल के बाद अगर कोई सबसे ज्यादा परेशान होता है, तो वह है आपका पेट। मगर परेशान न हों, क्योंकि इनका समाधान भी आपकी रसोई में ही है।हमारे आसपास हर 5 में से दो व्यक्ति में बदहजमी, एसिडिटी, गैस आदि की समस्या है। क्या आपने कभी सोचा है कि आजकल पेट से संबंधित समस्याएं इतनी आम क्यों हो गई हैं? इसका एक ही जवाब है, हमारी अव्यवस्थित जीवन शैली। खानपान में होने वाली लापरवाही, भागदौड़ भरी जिंदगी, बाहर का खाना और बेवक्त सोने और उठने की आदतें। अस्वस्थ खाने की आदत व्यक्ति को पाचन संबंधित समस्याओं के घेरे में डाल सकती हैं।जब आपको कई बार पेट से जुड़ी समस्याएं होने लगें, तो फिर आपके लिए यह समझना बहुत जरूरी है कि इसका बेहतर इलाज क्या है।

**क्यों होने लगती हैं पाचन संबंधी समस्याएं** -अनियमित जीवनशैली और बढ़ती उम्र के कारण पाचन शक्ति कमजोर पड़ जाती है। उसका संतुलन बिगड़ने लगता है, जिससे पेट भी कमजोर होता है। इसलिए बार-बार पेट संबंधी समस्याएं होने लगती हैं। लेकिन रोज इस्तेमाल किए जाने वाले तीन मसाले आपके पाचन समस्याओं को दूर करने में सहायता कर सकतें है, जिसमें हींग, मेथी, और लहसुन आपके बेहद काम आएंगे।

**आयुर्वेद में क्या है भोजन और पाचन का संबंध** -आयुर्वेद मे कहा गया है कि खाना सही ढंग से पचने के लिए पाचन अग्नि का संतुलन रहना बहुत जरूरी होता है। अग्नि को आयुर्वेद विज्ञान में मूल तत्व माना गया है। इस पाचन अग्नि की तुलना ज्वलित अग्नि ( जलती हुई आग ) के साथ की जा सकती है।




# ईशा देओल
## ने शेयर की केवल शर्ट में अपनी तस्वीर, बेटी के इस ग्लैमरस फोटो पर बोले पापा धर्मेन्द्र

ईशा देओल ने अपनी एक ग्लैमरस फोटो सोशल मीडिया पर पोस्ट की है। इस ब्लैक एंड वाइट तस्वीर में वह केवल शर्ट में पोज़ देती दिख रही हैं। उनकी इस तस्वीर पर पापा धर्मेन्द्र का कॉमेंट सबका ध्यान खींच रहा है।

ईशा देओल ने अपनी एक ग्लैमरस फोटो सोशल मीडिया पर पोस्ट की है। इस ब्लैक एंड वाइट तस्वीर में वह केवल शर्ट में पोज़ देती दिख रही हैं। वैसे तो उनकी इस तस्वीर पर इंडस्ट्री से कई लोगों ने और फैन्स ने जमकर कॉमेंट किए हैं, लेकिन जो रिऐक्शन सबका ध्यान खींच रहा है वह है धर्मेंद्र का। इस तस्वीर में ईशा काफी स्टनिंग और ग्लैमरस नजर आ रही हैं। केवल शर्ट में नजर आ रहीं ईशा की इस तस्वीर पर खूब कॉम्प्लिमेंट्स मिल रहे हैं। इस तस्वीर में ईशा कातिलाना स्माइल देती दिख रही हैं। ईशा ने लिखा है, आपने जो भी पहना हो, वह आपकी मुस्कुराहट से ज्यादा इम्पॉर्टेंट नहीं हो सकती। ईशा की इस तस्वीर पर पापा धर्मेंद्र ने भी कॉमेंट किया है और हार्ट इमोजी के साथ लिखा है, लव यू बेबी। ईशा ने अपने एक पुराने इंटरव्यू में बताया था कि कैसे उनके पापा अपनी बेटियों को लेकर काफी पजेसिव थे। ईशा ने यह भी बताया था कि उनके पापा नहीं चाहते थे कि वह फिल्मों में आएं। उनके हिसाब से डांस करना ठीक था, लेकिन फिल्में नहीं। इतना ही नहीं ईशा और उनकी बहन अहाना को स्लीवलेस टॉप और शॉर्ट्स पहनने की भी आजादी नहीं थी। ईशा ने बताया था कि धर्मेन्द्र इसे लेकर हमेशा कन्सर्न रहते थे कि वे क्या कर रही हैं। वह उनकी मां हेमा मालिनी थीं जिनकी वजह से वे स्पोर्ट्स और अन्य चीजों के लिए निकल पाती थीं। ईशा ने हाल ही में एक दुआ से ओटीटी पर एंट्री मारी है। इसे लेकर उन्हें क्रिटिक्स और ऑडियंस से काफी तारीफें भी मिल रही हैं।





## पूर्व हेड कोच रवि शास्त्री ने दिए संकेत
# वनडे और टेस्ट टीम की भी कप्तानी छोड़ेंगे विराट कोहली

नई दिल्ली। भारत के पूर्व मुख्य कोच रवि शास्त्री का मानना है कि कोविड-19 से जुड़े दबाव से निपटने के लिए विराट कोहली टी20 इंटरनेशनल के बाद अन्य फॉर्मेट से भी कप्तानी छोड़ सकते हैं। यूएई में खेले जा रहे आईसीसी टी20 वर्ल्ड कप 2021 से भारत के जल्दी बाहर होने के साथ ही शास्त्री का टीम के साथ कार्यकाल समाप्त हो गया। शास्त्री ने कोहली की कप्तानी के बारे में पूछे जाने पर कहा कि वह वर्कलोड को बेहतर तरीके से मैनेज करने के लिए अन्य फॉर्मेट से भी कप्तानी की जिम्मेदारी छोड़ सकते हैं। शास्त्री ने कोहली को सबसे फिट क्रिकेटर करार देते हुए कहा, बहुत से सफल खिलाड़ियों ने अपनी बल्लेबाजी पर ध्यान देने के लिए कप्तानी छोड़ दी है। उसमें खेल में अच्छा करने की भूख निश्चित रूप से बरकरार है, वह टीम में किसी से भी ज्यादा फिट है। उसके बारे में कोई शक नहीं। जब आप शारीरिक रूप से फिट होते हैं, तो खेल में आपकी उम्र बढ़ती है। कप्तानी के मामले में, यह उनका फैसला होगा। लेकिन मैं देखता हूं कि वह सफेद गेंद के क्रिकेट को ना कह सकते हैं लेकिन लाल गेंद क्रिकेट में उसे खेल जारी रखना चाहिए क्योंकि वह टेस्ट क्रिकेट के सर्वश्रेष्ठ दूत रहे हैं।

**रवि शास्त्री की विदाई पर वसीम अकरम ने लिखा इमोशनल पोस्ट, बोले- मेरा दिल मेरे दोस्त शास्त्री के साथ है**-भारत के विश्व कप विजेता कप्तान कपिल देव ने खिलाड़ियों पर देश से ज्यादा आईपीएल को तरजीह देने के आरोप पर के बारे में पूछे जाने पर शास्त्री ने कहा, अप्रैल में आईपीएल के स्थगन के बाद उनके पास (बीसीसीआई) कोई विकल्प नहीं था। मुझे नहीं लगता कि भविष्य में फिर ऐसा होगा। जहां तक कपिल की बात है तो वह आईपीएल के कार्यक्रम को लेकर सही है क्योंकि इससे खिलाड़ियों की थकान बढ़ी। टी-20 विश्व कप 2021 में टीम इंडिया का सफर खत्म होने के साथ ही रवि शास्त्री और विराट कोहली की सालों से चली आ रही जुगलबंदी का भी अंत हो गया। हेड कोच के तौर पर भले ही शास्त्री टीम को कोई आईसीसी ट्रॉफी ने जीता सके, लेकिन उनकी देखरेख में टीम इंडिया ने विदेशी सरजमीं पर खूब धमाल मचाया।

## कोहली के टी-20 टीम की कप्तानी छोड़ने का अफरीदी ने किया सपोर्ट, बोले- ऐसी ही उम्मीद थी

कराची। पाकिस्तान के पूर्व कप्तान शाहिद अफरीदी को लगता है कि भारतीय कप्तान विराट कोहली को बल्लेबाज के तौर पर और अधिक बेहतर प्रदर्शन करने के लिए खेल के सभी फॉर्मेट में कप्तानी की भूमिका छोड़ देनी चाहिए। समा टीवी चैनल पर बात करते हुए अफरीदी ने कहा कि बीसीसीआई (भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड) का रोहित शर्मा को भारतीय टी-20 टीम का कप्तान नियुक्त करने का फैसला अच्छा है। कोहली ने भारत के टी-20 वर्ल्ड कप में अभियान समाप्त होने पर टी-20 कप्तानी छोड़ने का फैसला किया था, जिसके बाद बीसीसीआई ने यह फैसला किया। अफरीदी ने कहा, मुझे लगता है कि वह भारतीय क्रिकेट के लिए अद्भुत ताकत रहा है, लेकिन मुझे लगता है कि यह अच्छा होगा, अगर वह अब सभी फॉर्मेट में बतौर कप्तान संन्यास लेने का फैसला कर लें। उन्होंने कहा, मैं एक साल के लिए रोहित के साथ खेला था और वह मजबूत मानसिकता वाला लाजवाब खिलाड़ी है। उसकी सबसे मजबूत चीज है कि जब जरूरी हो तो वह रिलैक्स रह सकता है और जब बहुत जरूरी हो तो वह आक्रामकता भी दिखा सकता है।



## हनुमा विहारी द.अफ्रीका दौरे के लिए भारत-ए टीम में शामिल

नई दिल्ली। न्यूजीलैंड के खिलाफ टेस्ट सीरीज से बाहर रहने वाले भारतीय बल्लेबाज हनुमा विहारी को दक्षिण अफ्रीका दौरे के लिए भारत-ए टीम में शामिल किया गया है। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने ट्विटर पर इसकी जानकारी दी। बीसीसीआई की सीनियर सिलेक्शन कमिटी ने शुक्रवार को ही न्यूजीलैंड के साथ होने वाली दो मैचों की घरेलू टेस्ट सीरीज के लिए टीम इंडिया का ऐलान किया है। ऑल इंडिया सीनियर सिलेक्शन कमिटी ने 16 सदस्यीय टीम की घोषणा कर दी है। रोहित शर्मा को दोनों टेस्ट मैच से आराम दिया गया है, जबकि अजिंक्य रहाणे पहले टेस्ट में टीम की कमान संभालेंगे। विराट कोहली दूसरे टेस्ट से टीम में वापसी करेंगे। विहारी जब पिछली बार भारत के लिए खेले थे, तो उन्हें हैमस्ट्रिंग चोट का सामना करना पड़ा था। लेकिन जनवरी में सिडनी टेस्ट मैच में उन्होंने भारत को हार से बचाने में मदद की थी। इसके बाद भारत ने ऐतिहासिक सीरीज जीती थी। लेकिन विहारी न्यूजीलैंड के खिलाफ टेस्ट सीरीज के लिए भारतीय टीम में जगह बनाने में विफल रहे और अब उन्हें दक्षिण अफ्रीका दौरे के लिए भारत-ए की टीम में शामिल किया गया है।

हमारा वतन साप्ताहिक
HamaraWATANWeekly संस्थापित 1965 ہمارا وطن ہفت روزہ
राष्ट्रीय विचारधारा की सर्वोत्तम अभिव्यक्ति का प्रतीक

क्या ख़ाक़ लिखे कोई, बरगश्ता ज़माना है,
कांटों पै भी चलना है, दामन भी बचाना है।

## देश के लिए बहुमूल्य संपदा हैं पूर्व सैनिक

कश्मीर में कश्मीरी सिखों-हिंदुओं और प्रवासी मजदूरों की हत्या के बाद आतंकियों और उनके समर्थकों पर लगाम लगाने के लिए कई उपाय किए गए हैं। इन उपायों के बाद भी यह कहना कठिन है कि कश्मीरी पंडितों की वापसी हो सकेगी।


राम गोपाल सैनी

उचित यह होगा कि इस काम को पूरा करने के लिए पूर्व सैनिकों का उपयोग किया जाए। करीब-करीब प्रत्येक पूर्व सैनिक का कश्मीर से एक रिश्ता है। अपनी सेवा के दौरान पूर्व सैनिक कभी न कभी कश्मीर की सीमाओं पर रहा होता है। इस पर संदेह है कि वर्तमान परिवेश में घाटी में नई कालोनियां बनाकर कश्मीरी पंडितों को बसाना स्थायी समाधान बन सकेगा। देश के पूर्व सैनिकों की कश्मीर के समाधान की राह में एक महत्वपूर्ण भूमिका बन सकती है। पूर्व सैनिकों को एक योजना के तहत साथ लेकर व्यवस्थित रूप से कश्मीरी पंडितों के साथ-साथ बसाने की कार्ययोजना पर कार्य किया जाए, तो हम इस संकट के समाधान का मार्ग खोज सकते हैं। इस अभियान के लिए मुख्य नगरों का मोह छोड़कर उनसे अलग क्षेत्रों का रुख करना उचित होगा। उदाहरण के लिए हम जम्मू-श्रीनगर राजमार्ग एन एच 44 के पूर्व में स्थित अनंतनाग जनपद और उसकी तहसीलों कोकरनाग, पहलगाम, काजीकुंड आदि को लें। यह इलाका सुरक्षित भी है और सड़कों से जुड़ा हुआ भी। यह क्षेत्र जम्मू राजमार्ग के अतिरिक्त हिमाचल प्रदेश के चंबा-मनाली से भी सड़क से जुड़ता है। सड़कें बेहतर हो रही हैं। सैनिकों-पूर्व सैनिकों की सुरक्षा में यह कश्मीर पंडितों के लिए नया आदर्श विकास क्षेत्र हो सकता है। यहां भविष्य की दृष्टि से संभावनाशील पर्यटन क्षेत्र भी हैं। कश्मीर में जब तक जनसांख्यिकी संतुलन नहीं होगा, तब तक कश्मीरी पंडितों के पुनर्वास के लक्ष्य में सफलता हासिल नहीं होगी। कश्मीर घाटी के इस पूर्वी सिरे से पूर्व सैनिकों की बिरादरी साथ लगकर कश्मीरी पंडितों की घाटी में वापसी का मार्ग प्रशस्त कर सकती है। पूर्व सैनिकों में संगठन और अनुशासन की अद्भुत क्षमता होती है। कोरोना के दौर में अघोषित कोरोना योद्धा के तौर पर उन्होंने बहुत कुछ किया है। यदि हमें अपने सामाजिक परिवेश और प्रशासनिक मशीनरी को सुधारना है तो पूर्व सैनिकों को भूमिका देनी पड़ेगी।

### अति आवश्यक सूचना

पाठकों व विज्ञापनदाताओं से निवेदन है कि जिनका सालाना सदस्यता शुल्क व विज्ञापनों का भुगतान नहीं हो पाया है वे अपना शुल्क 'हमारा वतन वीकली के नाम से खाता संख्या 61079058819' एसबीआई (IFSC Code- SBIN0004227) में या 9214996258 पर फोन-पे, पेटीएम, गुगल-पे पर जमा कराकर सूचित करें।

- सम्पादक

पुनीत प्रतिष्ठा में :-

# ईटावा भोपजी के साईं मंदिर प्रांगण में हुआ कन्या पूजन

जयपुर (हमारा वतन) चौमूं तहसील के ईटावा भोपजी स्थित श्री साई मंदिर प्रांगण में कन्या पूजन और प्रसादी वितरण का कार्यक्रम आयोजित हुआ।

मंदिर महंत रिटायर्ड कैप्टन पृथ्वी सिंह नाथावत ने बताया की साई की कृपा से मंदिर प्रांगण में कन्या पूजन किया और कन्या प्रसादी का आयोजन भी किया गया । पूर्ण विधि-विधान से पंडित जी ने नवदीप सिंह नाथावत के द्वारा 101 कन्याओं की पूजा करवाई गई ।इस दौरान ऑल इंडिया प्रोफेशनल कांग्रेस की प्रदेश अध्यक्ष और स्टार फाउंडेशन की अध्यक्ष रुक्मणि कुमारी भी पहुंची और कहा कि जहां नारियों की पूजा होती है ,वहां देवता निवास करते हैं । साई मंदिर में आज जो कन्या पूजन की गई है वह



काबिले तारीफ है ।इस दौरान राजपूत समाज के जंग बहादुर सिंह, उमाशंकर सिंह, मानसिंह सिसोदिया, हनुमंत सिंह, जय सिंह रावत, विक्रम सिंह गौड़, एमडी स्वामी ,डॉक्टर हरीवल्लभ सैनी, मनीष सैनी, पिंटू सैनी ,दुर्गा सिंह नाथावत ,जितेंद्र सिंह नाथावत, भूपेंद्र सिंह नाथावत, यशस्वी राणावत ,बाबूलाल पालावत, महेंद्र सिंह शेखावत, महेश सैनी ,सूरदास जी महाराज आदि सहित हजारों की संख्या में साईं भक्त मौजूद रहे ।

## दौसा विधायक मुरारी लाल मीणा की अनूठी पहल पर किया सम्मान

दौसा (हमारा वतन) आजादी के बाद पहली बार राजस्थान सरकार के पूर्व मंत्री एवं



दौसा विधायक मुरारी लाल मीणा ने राजनीति से अलग हटकर शिक्षा के क्षेत्र में अलख जगाने के उद्देश्य से अपने विधानसभा क्षेत्र के मेधावी छात्र- छात्राओं को स्वयं के खर्चे पर हवाई यात्रा का अवसर प्रदान कर प्रोत्साहित किया। साथ ही उन्होंने श्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले चार सरकारी स्कूलों को 25 लाख रुपए देने की अनुकरणीय पहल की।मीणा की इस अनुकरणीय पहल का सम्मान करने हेतु ऑल इंडिया प्रोफेशनल कांग्रेस के प्रदेश सोशल मीडिया कोऑर्डिनेटर एवं चौमू नगरपालिका पार्षद राजेश कुमार वर्मा तथा अंतराष्ट्रीय भविष्यवक्ता पंडित रविंद्र आचार्य ने दौसा पहुंच कर मीणा को श्याम दुपट्टा एवं माला पहनाकर सम्मान कर उज्जवल भविष्य की कामना की।

### जयपुर में कोरोना का विस्फोट:तीन महीने बाद जयपुर में डबल डिजीट में आए केस, 5 अगस्त को आए थे आखिरी बार 10 से ज्यादा मरीज

जयपुर(नि.सं.)। जयपुर में कोरोना को लेकर डरावने वाली खबर आई है। जयपुर में तीन माह के लम्बे अंतराल के बाद डबल डिजिट में मरीज मिले है। ये केस ऐसे समय आए है, जब सरकार ने तमाम पाबंदियों को हटा दिया है। जयपुर में आने वाले दिनों में सबसे बड़ा इवेंट भारत-न्यूजीलैंड का टी-20 मैच है, जिसमें एक साथ 30 हजार या उससे ज्यादा लोग स्टेडियम में मैच देखेंगे। इसके अलावा 15 नवंबर से देव उठनी एकादशी है और शादी-समारोह के सीजन शुरू हो जाएगा। चिकित्सा विभाग से जारी रिपोर्ट को देखे तो आज जयपुर में 10 नये मरीज कोरोना के मिले है। इसमें सबसे ज्यादा 4 मरीज बनीपार्क एरिया में मिले है।

## राजस्थानी सिनेमा निर्देशक अनिल सैनी ने भरी ऊंची उड़ान

जम्मू कश्मीर (हमारा वतन) पेपर स्टोन प्रोडक्शन के बैनर तले बनी हिंदी फिल्म इन मॉर्निंग इन कश्मीर के निर्देशक अनिल सैनी राजस्थान के प्रथम निर्देशक बन गए हैं जिनकी फिल्म कश्मीर में शूट हुई है ।फिल्म के प्रड्यूसर वाइन अरोड़ा ने बताया है कि यह फिल्म कश्मीरियों के दर्द को बयान करती है । इस फिल्म के जरिए हमने एक प्रयास किया है कि उनकी जीवनशैली और प्रेम को दुनिया के सामने ला सकें ।फिल्म की शूटिंग दिल्ली, जम्मू ,कटरा, पहलगाम, श्रीनगर के



साथ-साथ गुलमोहर भी किया गया है । मुख्य भूमिका में गुरुदेव अनेजा और रश्मि शर्मा है । कैमरा दीप गांधी , लेखक अनिल भूप और मेकअप माही का है ।

## डॉक्टर से मारपीट, नाक की हड्डी फैक्टर:कार से टकरा गई थी बच्ची, पैसों की डिमांड पूरी नहीं करने पर आरोपियों ने की मारपीट

बारां(वि.सं.)। बारां के समरानिया पुलिस चौकी क्षेत्र में डॉ. दिलीप मेहता कार से डोर टू डोर सर्वे का निरीक्षण करने जा रहे थे। इस दौरान एक बालिका दौड़कर घर से बाहर निकली। अचानक बालिका के निकलने से वह कार से जा टकराई। हालांकि बालिका को चोट नहीं लगी और वह उठकर घर में चली गई। इसके बाद डॉ. मेहता भी गाड़ी लेकर वहां से आगे निकल गए। इसके बाद कुछ आरोपी पीछे से आए और डॉक्टर को रोक कर धमकाया और पैसों की डिमांड की। पैसे नहीं देने पर डॉक्टर के साथ मारपीट की। पुलिस ने दोनों ओर से मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी समरानियां चौकी इंचार्ज राधेश्याम सुमन ने बताया कि समरानिया अस्पताल में तैनात डॉ. दिलीप मेहता कार से जा रहे थे। इसी दौरान एक 8 वर्षीय बालिका कार से जा टकराई। इसके बाद कुछ अज्ञात आरोपियों ने डॉक्टर के साथ लोहे के बॉक्सर से मारपीट कर घायल कर दिया। मारपीट से डॉक्टर के नाक की हड्डी फैक्चर हो गई और एक दांत टूट गया। पुलिस ने डॉक्टर मेहता की ओर से प्रकरण दर्ज कर मेडिकल मुआयना कराया। वहीं दूसरी और लड़की के पिता अनार निवासी बारां की ओर से डॉ. मेहता के खिलाफ कार से एक्सीडेंट करने का आरोप लगाते हुए केस दर्ज कराया गया है। उधर शुक्रवार को डॉक्टर एसोसिएशन बारां ने जिला कलेक्टर और एसपी को ज्ञापन देकर आरोपियों की जल्द गिरफ्तारी की मांग की है।

खबरों, विज्ञापन एवं सदस्यता के लिए सम्पर्क करें ।
Email-
hamarawatan65@gmail.com
9214996258, 7014468512

Mohan Lal Jitarwal
Jaisingh Jitarwal
मोनिका प्रिन्टर्स
WE DESIGN , PRINT & PROMOTE...YOU ! थाना मोड़, चौमूँ
फ्लैक्स/विनायल ऑफसेट प्रिन्टिंग पोस्टर / पम्पलेट बिल-बुक लेटर हेड
शादी कार्ड सवामणी कार्ड स्क्रीन प्रिन्टिंग विजिटिंग कार्ड आई - कार्ड
हमारे यहाँ प्रिन्टिंग से सम्बन्धित सभी कार्य उचित रेट पर किये जाते है
तथा चुनाव से सम्बन्धित सामग्री उचित रेट पर तैयार की जाती है ।
एक बार सेवा का मोका अवश्य दें
Contact Us: 9785850646, 8946910073, 7610022192
monikaprinters68@gmail.com

RNI No. 10311/1965
स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक, सम्पादक राम गोपाल सैनी के लिए उदय प्रिन्टर्स 43 ए, माली कॉलोनी, चांदपोल बाहर, जयपुर से मुद्रित तथा वार्ड नं.1, सामोद रोड़ नीमड़ी, ग्राम-मोरीजा, तहसील-चौमूँ, जिला-जयपुर से प्रकाशित , मो. 9214996258, 7014468512
संरक्षक : बाबूलाल सैनी मो: 9352734588
सहायक सम्पादक: राकेश तिवाड़ी
प्रबंध सम्पादक : वली मोहम्मद कुरैशी, मो. 9929610759
सभी प्रकार के वाद-विवादों का न्याय क्षेत्र जयपुर शहर होगा